मेरा तो एक ही साथी श्याम सरकार है भजन लिरिक्स

मेरा तो एक ही साथी,
श्याम सरकार है,
खाटू वाले की मुझपे,
किरपा अपार है,
मुझको फिर कैसा डर,
जब श्याम मेरा रहबर,
मिलता रहा मुझे,
बाबा तेरा प्यार है।bd।

बिगड़े मेरे हालात ये थे,
खुशियों के कहीं आसार ना थे,
सुख में रहते जो पास मेरे,
दु:ख में वो रिश्तेदार ना थे,
साथ तूने तब दिया,
करता हूँ मैं शुक्रिया,
चल रही सांसें मेरी,
तेरा उपकार है,
मेरा तो एक हीं साथी,
श्याम सरकार है।bd।

मेरी ख़ामोशी पढता है ये,
बिन मांगे ही सब देता है,
खुशियां बांटे तू ही सबको,
बदले में कुछ ना लेता है,
तुमसे ही हर आस है,
तुमपे ही विश्वास है,
तेरी रहमतों से चलता,
मेरा परिवार है,
मेरा तो एक हीं साथी,
श्याम सरकार है।bd।

जबसे पकडे हैं पाँव तेरे,
फिर हाथ कहीं भी ना जोड़े,
जिसको थामे खाटूवाला,
फिर साथ कभी भी ना छोड़े,
तू ही मेरी ज़िन्दगी,
तू ही मेरी हर खुशी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तेरे 'सचिन' का,
बाबा तू ही आधार है,
मेरा तो एक हीं साथी,
श्याम सरकार है।bd।

मेरा तो एक ही साथी,
श्याम सरकार है,
खाटू वाले की मुझपे,
किरपा अपार है,
मुझको फिर कैसा डर,
जब श्याम मेरा रहबर,
मिलता रहा मुझे,
बाबा तेरा प्यार है।bd।

Singer – Sandhya Tomar

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com